संक्षिप्त

स्कूटी पा कर छात्राओं के खिले चेहरे

गंगापुर सिटी, (निसं)। राजकीय महाविद्यालय में छात्राओं को स्कूटी बांटी गईं। यह वितरण कार्यक्रम एडीएम सुदर्शन सिंह तोमर की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान तोमर ने कहा कि यह स्कूटी योजना बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने की दिशा में महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि यह योजना छात्राओं का मनोबल बढ़ाती है और समाज में सकारात्मक संदेश देती है। इस अवसर पर कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. सुमित्रा मीना ने कहा कि छात्राओं को स्कूटी प्रदान करना कॉलेज के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उनसे महाविद्यालय से संबंधित किसी भी समस्या के लिए सीधे संबंधित अधिकारी या कर्मचारी से संपर्क करने का आग्रह किया। कॉलेज प्रिंसिपल ने यह भी जानकारी दी कि सत्र 2023-24 की लाभार्थी सूची में शामिल कुछ छात्राओं ने बार-बार सूचना दिए जाने के बावजूद अभी तक आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं कराए हैं। ऐसी छात्राओं को 5 फरवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से अपने दस्तावेज जमा कराने होंगे, अन्यथा उन्हें योजना के लिए अपात्र घोषित कर दिया जाएगा।

पूर्व विधायक सुरेश मीणा की घर वापसी

करौली, (निसं)। करौली के पूर्व विधायक सुरेश मीणा ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ बहुजन समाज पार्टी में घर वापसी की। पूर्व विधायक सुरेश मीणा पूर्व में करौली विधानसभा क्षेत्र से बसपा में शामिल होकर वर्ष 2008 में विधायक का चुनाव लड़ा था और बसपा से विधायक बने देखने लायक यह है कि बसपा से विधायक बनने के बाद विधानसभा सदन मैं हाथी पर सवार होकर पहुंचे थे पूरे 5 साल के कार्यकाल में बसपा में ही बने रहे उसके बाद वर्ष 2013 में फिर से करौली विधानसभा का चुनाव लड़ा। जिसमें उनका हर का मुंह देखना पड़ा उसके बाद भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा में उन्हें टिकट नहीं मिला अब फिर से पूर्व विधायक मीणा ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ बसपा केंद्रीय कोऑर्डिनेटर रणधीर सिंह बेनीवाल प्रदेश अध्यक्ष बारूपाल स्टेट कोऑर्डिनेटर भगवान सिंह बाबा स्टेट कोऑर्डिनेटर बनवारी लाल बैरवा की उपस्थिति में बहुजन समाज पार्टी का दामन थामते हुए घर वापसी की घर वापसी करने पर बसपाइयों ने खुशी जाहिर की।

मावठ के बाद तापमान में गिरावट

गंगापुर सिटी, (निसं)। क्षेत्र में मावठ के बाद मौसम में ठण्ड का असर लगातार बना हुआ है। मंगलवार को दूसरे दिन भी सुबह के समय शहर और ग्रामीण इलाकों में घना कोहरा छाया रहा, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। घने कोहरे के कारण कई स्थानों पर दृश्यता घटकर 50-60 मीटर तक सीमित हो गई। वाहन चालकों को दिन में भी हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। मुख्य सड़कों के साथ-साथ आंतरिक मार्गों पर भी वाहनों की आवाजाही धीमी रही। मावठ के बाद तापमान में आई गिरावट मंगलवार को भी बरकरार रही। मौसम विभाग के अनुसार, गंगापुर सिटी में न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ठंड के बढ़ते असर के कारण सुबह के समय लोग देर तक घरों में ही रहे, जिससे उनकी दिनचर्या प्रभावित हुई। कोहरे और सर्दी के कारण बाजार भी सामान्य दिनों की तुलना में देरी से खुले।

संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ

गंगापुर सिटी, (निसं)। आशान्वित ब्लॉक में संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर कानाराम और मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया मौजूद रहे। कलेक्टर ने बताया कि यह अभियान एक समन्वित, डेटा-आधारित और परिणामोन्मुखी पहल है, जिसका उद्देश्य शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना है। उन्होंने यह भी बताया कि संपूर्णता अभियान 1.0 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गंगापुर सिटी ब्लॉक को सिल्वर मेडल मिला था। अभियान 2.0 के तहत कुल 6 प्रमुख इंडिकेटर निर्धारित किए गए हैं। इनमें महिला एवं बाल विकास विभाग के चार, पशुपालन विभाग का एक और शिक्षा विभाग का एक इंडिकेटर शामिल है। इन सभी संकेतकों पर अप्रैल 2026 तक शत-प्रतिशत संतृप्ति के लक्ष्य के साथ कार्य किया जाएगा। इस अभियान में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीबी उन्मूलन, कुपोषण की रोकथाम, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता और शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

शिक्षा व्यक्ति के समग्र विकास की कुंजी : सीताराम गुप्ता

■ समधारा गांव में आवासीय लाइब्रेरी का शुभारंभ

भरतपुर, (निसं)। डीग जिले जुरहरा तहसील क्षेत्र का समधारा गांव में खुली हुसैना आवासीय लाइब्रेरी का उद्घाटन समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने किया। यह लाइब्रेरी अपने प्रकार की मेवात क्षेत्र की पहली ऐसी आवासीय अध्ययनशाला है, जहां छात्र पूरी रात ठहरकर शांत एवं सुरक्षित वातावरण में अध्ययन कर सकेंगे। सुबह छात्र अपने घर जाकर दैनिक कार्यों के बाद पुनः स्कूल के लिए निकल जाते हैं। छात्रों को निरंतर और केंद्रित अध्ययन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल ग्रामीण स्तर पर अत्यंत सराहनीय मानी जा रही है।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मेवात क्षेत्र में शिक्षा का प्रसार एक सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन का संकेत है। उन्होंने कहा कि पढ़े-लिखे युवक आज गैर-सामाजिक गतिविधियों से दूर होकर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं, जिससे क्षेत्र का सामाजिक वातावरण निरंतर बेहतर हो रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति के समग्र विकास की कुंजी है और मेवात जैसे क्षेत्र में इसका विस्तार अत्यंत आवश्यक है।

गुप्ता ने बताया कि मेवात क्षेत्र देश के महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्रों के निकट स्थित होने के कारण यहां के युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों की कोई कमी नहीं है। हालांकि इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए युवाओं में तकनीकी और व्यावसायिक कौशल होना अनिवार्य है। इस दिशा में समृद्ध भारत अभियान द्वारा क्षेत्र में कौशल प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

गुप्ता ने यह भी बताया कि वे जुरहरा के औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए संबंधित विभागों से संपर्क कर ठोस पहल कर रहे हैं ताकि स्थानीय युवाओं की औद्योगिक क्षेत्रों में भागीदारी बढ़ सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता मॉड्यूलर इंस्टीट्यूट, अलवर के संस्थापक सदस्य सौरभ खान ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हुसैना आवासीय लाइब्रेरी निश्चित ही क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षिणक संसाधन बनेगी, जिससे पढ़ाई का सकारात्मक माहौल निर्मित होगा। कार्यक्रम में उपस्थित ब्रज मेवात जन जागृति अभियान के अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता एम. जुबेर खान ने कहा कि अभियान के सतत प्रयासों से मेवात क्षेत्र में जागरूकता बढ़ी है तथा अपराधों में कमी देखी जा रही है। युवाओं में शिक्षा के प्रति रुझान लगातार बढ़ रहा है, जो समाज के भविष्य के लिए शुभ संकेत है। समारोह के दौरान महमूद खान, अख्तर हुसैन, मा. इकबाल खान, साजिद खान एडवोकेट, डॉ. आरिफ, अताउल्ला खान, अयूब खान, मा. मम्मनद्दीन, सोनू चौधरी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपने विचार रखे और ऐसे सामाजिक प्रयासों की सराहना की।

प्रारंभ में लाईब्रेरी के संचालक मुबारिक खान ने अतिथियों का स्वागत किया। समुदाय की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से लाइब्रेरी में बैठने की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सीताराम गुप्ता, आरिफ प्रधान, महमूदा खान सहित कई स्थानीय सहयोगियों द्वारा 11-11 हजार रुपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। यह जनसहयोग इस बात का प्रतीक है कि ग्रामीण समाज शिक्षा के उत्थान में सक्रिय रूप से भागीदारी निभाना चाहता है।

राधिका नगर कॉलोनी में नहीं पहुंचा चंबल का पानी

■ कॉलोनीवासियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

भरतपुर, (निसं)। राधिका नगर कॉलोनी रोड नंबर रेलवे फाटक संख्या 38 से 39, एसटीसी हाउसिंग बोर्ड, वार्ड नंबर 57, गिर्राज कैनाल क्षेत्र में बसी कॉलोनी में आज तक चंबल पेयजल की पाइपलाइन नहीं डाली गई है। इस कॉलोनी में लगभग 200 से 300 मकान हैं, जहां के निवासी वर्षों से पेयजल संकट से जूझ रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पानी की पाइपलाइन के लिए वे कई बार जलदाय विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। मजबूरी में कॉलोनीवासी आसपास के इलाकों से सिर पर पानी भरकर लाते हैं, इस दौरान कई बार उन्हें लोगों की फटकार भी झेलनी पड़ती है। वर्तमान में ग्राम मडरपुर से मोती झील तक गिर्राज कैनाल पर कार्य चल रहा है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि यदि इसी दौरान यहां चंबल जल की पाइपलाइन बिछा दी जाए, तो क्षेत्र के लोगों को स्थायी रूप से पानी की सुविधा मिल सकती है। इस समस्या के समाधान की मांग को लेकर कॉलोनीवासियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देते समय डॉ. दयाचंद पचौरी, इंजीनियर जीवनलाल शर्मा, निरंजन लाल पचौरी, प्रेम सिंह (पीटीआई), बने सिंह (कैप्टन तुहिया), नरेंद्र जाटव, लाखन सिंह, ताराचंद बघेल, अशोक बघेल, प्रताप सिंह, राधारानी, जगवीर सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

साइबर अपराध व साइबर फ्रॉड से बचने का दिया प्रशिक्षण

करौली, (निसं)। जिला मुख्यालय के निकटवर्ती बिजलपुर गांव में किशोरी युवतियो को आत्मविश्वास एवं शारीरिक शर्मिंदगी पर फेस टू फेस प्रशिक्षण आयोजित हुआ जिसमें जिला प्रशासन बाल अधिकारिता विभाग एवं एक्शनएड यूनिसेफ करौली द्वारा यह प्रशिक्षण दिया गया एक्शन एड यूनिसेफ करौली के जिला समन्वयक दिनेश कुमार बेरवा ने बताया कि किशोरी युवतियों को लैंगिक भेदभाव सेल्फ एस्टीम और बॉडी कॉन्फिडेंस पर कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में आत्मसम्मान आत्मविश्वास बढ़ाने और हानिकारक जेंडर मानदंडों को चुनौती देने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया है इस प्रशिक्षण का उद्देश्य किशोर को सकारात्मक शारीरिक छवि दीक्षित करने समाज में व्याप्त वीडियो को समझना और अपने शरीर के प्रति आत्मविश्वास महसूस करने के लिए सशक्त बनाना है प्रशिक्षण में कॉमिक्स बुक सामग्री का उपयोग किया गया जिससे किशोरावस्था के शारीरिक मानसिक और भावनात्मक परिवर्तनों को समझने में मदद मिलती है प्रशिक्षण से आत्मसम्मान और आत्मविश्वास बढ़ता किशोरो में अपने शरीर के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना और आत्मसम्मान की भावना को बढ़ावा दिया गया मीडिया के आदर्श रूपों लिंग आधारित रूढ़ियों और शारीरिक बनावट से जुड़ी हानिकारक धारणाओं को चुनौती देना सिखाया किशोरो को अपने शरीर के साथ सहज रहने और सामाजिक दबाव का सामना करने के लिए मानसिक रूप से तैयार किया गया समाज में फैली लिंग भेद से जुड़ी वीडियो और मान्यताओं को पहचाना और उन्हें चुनौती देना सिखाया गया जिससे किशोरो में सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास विकसित हो सके जो अकादमिक विकास में भी सहायक हो जिला समन्वयक बैरवा ने प्रशिक्षण में किशोर को सकारात्मक रूप से विकसित होने में मदद करना उन्हें समाज में व्याप्त नकारात्मक सोच से निकालने और अपने आप को स्वीकार करने के लिए सशक्त बनाने एवं किशोरावस्था के दौरान आत्मविश्वास की कमी नकारात्मक शारीरिक छवि और सामाजिक दबाव से निपटने हेतु प्रेरित किया गया। एक्शन एड संगठन के स्वयंसेवक जगदीश जाट ने किशोरी युक्त को साइबर अपराध साइबर फ्रॉड सहित बाल मैत्री पूर्ण अधिकारों की जानकारी देकर बाल अधिकारों के संरक्षण पर किशोर की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई।

ठेका सफाई कर्मियों को संविदा पर भर्ती करवाने की मांग

रूपवास/भरतपुर, (निसं)। कस्बे की नगरपालिका में ठेके पर लगाए गए सफाई कर्मचारियों ने पार्षद मिथुन बाल्मीकि के नेतृत्व में रैली निकाल मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन उपखण्ड अधिकारी विष्णु बंसल को दिया।

सफाई कर्मचारियों ने उपखण्ड अधिकारी विष्णु बंसल को दिए ज्ञापन में लिखा कि राजस्थान की नगरीय निकाय व नगरपालिकाओ मे जो सफाई कार्मिक ठेकेदारी पर सफाई कार्य कर रहे है। सर्वप्रथम उन्ही कार्मिको को आगामी आने वाली संविदा भर्ती मे प्राथमिकता दी जावे। जो कार्मिक वास्तविकता से सडको पर सफाई का कार्य पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से कर रहे है। जिन्होने कोरोना जैसी घातक माहमारी के समय अपनी जान को जोखिम में डाल कर अपनी सेवा दी है। उन्हें ही प्राथमिकता दी जाए। आने वाली सफाई भर्ती को संविदा पर करने की कृपा करें। क्येकि सफाई कर्मचारी का ठेका पद्धित मे लगातार शोषण होता आ रहा है। हम राजस्थान सरकार से निवेदन करते है साथ ही नव गठित नगरपालिकाओ मे भी संविदा पद स्वीकृत करें जिससे बाल्मिकी समाज को रोजगार का अवसर मिले। ठेके पर लगाए गए सफाई कर्मचारियों को समय तनख्वाह नहीं मिल पा रही है। इस अवसर पर आरती, राजू, पूनम, नरेश, राजू, रजनी, विशाल, भारती, डालचंद, माइकल, भोले राम आदि मौजूद रहे।

एडवोकेट माधोसिंह मदेरणा बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर समाज एवं विधि क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले माधोसिंह मदेरणा (पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएषन समिति भरतपुर) को संयुक्त राष्ट्रीय अधिवक्ता मंच भारत के प्रति किये गये उत्कृष्ट कार्यों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा नवीन दायित्व प्रदान किये जाने पर जिला प्रभारी एडवोकेट तेजवीर सिंह व समृद्ध भारत अभियान के निर्देषक सीताराम गुप्ता के संयुक्त तत्वावधान में भारी संख्या में उपस्थित अधिवक्ताओं की मौजूदगी में उक्त नियुक्ति पर एडवोकेट माधोसिंह मदेरणा का पारम्परिक साफा व शॉल दुपट्टा पहनाकर, पुष्प मालाऐं व स्मृति चिह्न भेंट कर सभी अधिवक्ताओं द्वारा बधाई देते हुए स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर बार एसोसिएषन समिति भरतपुर के अध्यक्ष के.के. उपाध्याय, प्रदेष अध्यक्ष संयुक्त राष्ट्रीय अधिवक्ता मंच धनेन्द्र कुमार पाण्डेय, दुश्यंत सिंह मदेरणा आदि मौजूद रहे।

सार-समाचार

गौशाला निर्माण हेतु सौंपा ज्ञापन

सूरौठ, (निसं)। बजरंग एवं गौ सेवा समिति सूरौठ की ओर से तहसील क्षेत्र में नवीन गौशाला निर्माण की मांग को लेकर सोमवार को जिला कलेक्टर करौली के नाम तहसीलदार संजीव धाकड़ सूरौठ को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया समिति अध्यक्ष लोकेश शर्मा उर्फ गौरी पंडित ने ज्ञापन में बताया कि सूरौठ कस्बे एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा एवं निराश्रित गौवंश की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है तथा किसानों की फसलों को भी भारी नुकसान हो रहा है। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में क्षेत्र में उपयुक्त एवं सुव्यवस्थित गौशाला का अभाव है, जिसके चलते बेसहारा गौवंश खुले में घूमने को मजबूर हैं। इससे आमजन, राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, सर्दी, गर्मी व वर्षा के मौसम में गौवंश के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ज्ञापन में मांग की गई कि सूरौठ क्षेत्र में उपयुक्त भूमि का चिन्हांकन कर शीघ्र गौशाला निर्माण कराया जाए, जिससे निराश्रित एवं घायल गौवंश को सुरक्षित आश्रय मिल सके। समिति ने यह भी आठाह किया कि गौशाला संचालन हेतु आवश्यक संसाधन, चारा, पानी एवं चिकित्सा सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जाए। समिति सदस्यों ने बताया कि गौशाला निर्माण से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी, किसानों की फसल सुरक्षित रहेगी तथा गौवंश संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की मांग की।इस अवसर पर समिति अध्यक्ष लोकेश शर्मा,तुशाल गौड सहित अनेक कार्यकर्ता व गौसेवक उपस्थित रहे।

समागम में कार्यकर्ताओं की रही भागीदारी

करौली, (निसं)। अलवर जिले के गंज खेरली में आयोजित भव्य क्षित्रय समागम में करौली जिले के राजपूत समाज ने एकजुटता और संगठन शक्ति का प्रभावशाली प्रदर्शन किया करौली जिले से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता बसों एवं निजी बाहनों द्वारा समागम स्थल के लिए रवाना होकर भाग लिया श्री राजपूत सभा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट ऊधो सिंह जिला संगठन मंत्री अजित सिंह टटवाई देवी सिंह बदनपुरा कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह मचानी तहसील अध्यक्ष चौरजी सिंह करणी सेना के संभाग अध्यक्ष सुधीर सिंह विनेगा महेश सिंह पूर्व सरपंच रामपुर के नेतृत्व में राजपूत समाज के लोग बड़ी संख्या में गंज खेरली पहुंचे कार्यक्रम के संबंध में ऊधो सिंह एडवोकेट ने बताया कि इस क्षित्रय समागम में पूर्वी राजस्थान के 10 जिलों से क्षत्रिय समाज के प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय ईडब्ल्यूएस के सरलीकरण यूजीसी विनियम के विरोध राजपूतों की संख्या बल के अनुपात में विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के द्वारा विधानसभा का टिकट नहीं दिए जाने एवं राजनीतिक पार्टियों के द्वारा आनुपातिक रूप से संगठनात्मक सहभागिता नहीं होने तथा समाज से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण एवं मुद्दों पर गंभीर विचार विमर्श और मंथन किया गया उन्होंने बताया कि राजपूत समागम मैं करौली जिले के अनेक प्रमुख पदाधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र सिंह नरेश सिंह सत्येंद्र सिंह रामवीर सिंह मोटू रामपुर राम सिंह रामेंद्र सिंह करौली ग्रामीण भाजपा मंडल अध्यक्ष चरण सिंह गजेंद्र सिंह राधा मोहन सिंह सहित बड़ी संख्या में विनेगर मचानी कोटा चैनपुर भैंसावट भगतपुरा मंगरी रामपुर फतेहपुर खनपुरा केशपुर महोली मनोहरपुर काशीपुरा सेंगरपुरा मांची हरनगर के साथ करौली शहर के राजपूत समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

भरतपुर, (निसं)। अभिमन्यु सिंह भदौरिया, प्रदेशाध्यक्ष प्रदेश कांठोस (शिक्षक प्रकोष्ठ) के आव्हान पर जिलाध्यक्ष शिक्षक प्रकोष्ठ भरतपुर सुभाष कुन्तल के नेतृत्व में महत्वाकांक्षी, जन कल्याणकारी गांव गरीब की योजना मनरेगा का नाम बदलकर वीबीराम जी करने के विरोध में तथा उसे यथावत रखने के लिए शिक्षक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा जिला कलक्टर भरतपुर को महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार के नाम ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देते समय डॉ. दयाचंद पचौरी शहर अध्यक्ष कांठोस, भरत गादौली प्रदेश वरि0 उपाध्यक्ष, संरक्षक मदन मोहन शर्मा, रामेश्वर दयाल प्रदेश सचिव, चन्द्रभान फौजदार महासचिव भरतपुर, रसीद खां, वरि0 उपाध्यक्ष, रेनूदीप गौड, सूरज सिंह, गजराज सिंह फौजदार उपस्थित रहे।

प्रशिक्षणार्थियों ने किया फार्म विजिट

भरतपुर, (निसं)। ग्रामीण विकास मंत्रालय और राजस्थान सरकार के तत्वाधान में पंजाब नैशनल बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान भरतपुर द्वारा 10 दिवसीय मशरूम कल्टीवेशन प्रशिक्षण पीएनबी मंडल प्रमुख प्रमोद कुमार के नेतृत्व में चल रहा है जिसके अंतर्गत भरतपुर एवं डीग जिले के 32 पुरुष प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं प्रशिक्षण के दौरान डोमेन स्किल ट्रेनर मनोज कुमार द्वारा मशरूम की विभिन्न किस्मों के बारे में जानकारी दी गई जैसे बटन मशरूम (भारत में सबसे ज्यादा खाया जाने वाला सफेद मशरूम), ऑयस्टर मशरूम (यह गहरे भूरे या सफेद रंग के होते हैं), मिल्की मशरूम (भारत में गर्म मौसम के लिए उपयुक्त), पैडी स्ट्रॉ मशरूम (चावल के भूसे पर उगाया जाने वाला), शिटाके मशरूम (आमतौर पर एशियाई व्यंजनों में प्रयुक्त) साथ ही मशरूम उगाने की सम्पूर्ण विधि एवं प्रैक्टिकल भी करवाया गया।

वार्षिक उत्सव का आयोजन

सूरौठ, (निसं)। तहसील के समीपवर्ती गांव विजयपुरा स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में मंगलवार को वार्षिक उत्सव, पूर्व विद्यार्थी मिलन, भामाशाह सम्मान, प्रतिभा सम्मान एवं खेल दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक, पूर्व छात्र एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दयाल सिंह सोलंकी रहे।

चेक बाउंस मामले में दोषी को 6 महीने की जेल

गंगापुर सिटी, (निसं)। चेक बाउंस के एक मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या-01 ने आरोपी रामदयाल सिंह खारवाल को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने दोषी को नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट की धारा 138 के तहत 6 महीने के साधारण कारावास और पीड़ित को 8 लाख रुपए प्रतिकर राशि अदा करने का आदेश दिया है।

कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि दोषी प्रतिकर राशि अदा नहीं करता है, तो उसे अतिरिक्त 2 माह का साधारण कारावास भुगतना होगा। यह अहम फैसला न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या-01 सुनीता यादव ने सुनाया।

पीड़ित के वकील मोहम्मद इस्माइल ने बताया कि यह परिवाद वादी मुजाहिद द्वारा 14 सितंबर 2020 को प्रस्तुत किया गया था। परिवाद के अनुसार आरोपी रामदयाल सिंह खारवाल ने 16 जुलाई 2019 को परिवादी से 6 लाख रुपए उधार लिए थे। इस ऋण के एवज में अभियुक्त ने भारतीय स्टेट बैंक, गंगापुर सिटी के 2 चेक दिए थे, जिनमें प्रत्येक की राशि तीन-तीन लाख रुपए थी और दोनों की तिथि 12 फरवरी 2020 थी। परिवादी ने इन दोनों चेकों को भुगतान के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा, कॉलेज रोड, गंगापुर सिटी में प्रस्तुत किया। हालांकि, बैंक ने 13 मई 2020 को इन चेकों को "एक्सीड अरेंजमेंट" के कारण अनादरित कर दिया।

धौलपुर से गंगापुर सिटी रेल परियोजना के विलंब की जवाबदेही के लिए विधिक नोटिस

करौली, (निसं)। क्षेत्रीय विकास मंच समिति गंगापुर सिटी की ओर से एडवोकेट तनवय श्रीवास्तव ने धौलपुर गंगापुर सिटी रेल परियोजना की क्रियान्विति के लिए अनावश्यक विलंब के लिए रेलवे बोर्ड एवं संबंधित अधिकारियों को विधिक नोटिस दिया है।

विधिक नोटिस में कहा गया है कि धौलपुर गंगापुर सिटी रेल परियोजना 2010-11 में स्वीकृत हुई थी ,जिसे दो चरणों मैं पूरा किया जाना था परियोजना की स्वीकृति के बाद 7 फरवरी 2013 को सरमथुरा में शिलान्यास किया गया था। गंगापुर सिटी एवं करौली की रेल विकास समितियों द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार धौलपुर से सरमथुरा तक 212.23 करोड रुपए का बजट जारी किया गया तथा बाद में भी पर्याप्त बजट जारी किया गया था पर्याप्त बजट एवं पर्याप्त समय प्राप्त होने के बावजूद भी मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (महाप्रबंधक) उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज की जबाबदेही बनती है कि आज तक प्रथम चरण का कार्य पूर्ण क्यों नहीं हो सका

करौली जिले के निवासी जितेंद्र कुमार मित्तल द्वारा 15 दिसंबर 25 को मांगी गई जानकारी से पता चलता है कि परियोजना के प्रथम चरण का काम मार्च 2028 तक पूर्ण किया जाएगा द्वितीय चरण के बारे में महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के डिप्टी चीफ इंजीनियर आगरा मंडल द्वारा जवाब दिया गया है कि द्वितीय चरण का डीपीआर तैयार किया जा रहा है डीपीआर स्वीकृत होने के बाद रेलवे लाइन मार्ग का विवरण एवं नक्शा उपलब्ध कराया जा सकेगा यह जवाब भ्रमित करने वाला है, स्पष्ट कुछ भी बताया गया नहीं है सत्यता यह है कि मुख्य प्रशासनिक अधिकारी उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर द्वारा द्वितीय चरण की परियोजना रिपोर्ट 22 माह पूर्व रेलवे बोर्ड को भेजी गई थी ,लेकिन आज तक रेलवे बोर्ड द्वारा डीपीआर स्वीकृत नहीं की गई है और रेलवे बोर्ड में लंबित है चूंकि जब डीपीआर पहले तैयार हो चुकी है, केवल उसे रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकृत किया जाना शेष है तो डीपीआर को पुनः तैयार किए जाने की बात गलत एवं भ्रामक है। रेलवे बोर्ड एवं अन्य अधिकारियों के गैर जिम्मेदारान रवैया से उक्त परियोजना ठंडे वस्ते में जाती दिख रही है पहले ही परियोजना के द्वितीय चरण में अत्यधिक समय लग चुका है प्रथम चरण में किए गए भारीव्यय का लाभ तब तक नहीं मिलेगा, जब तक दूसरे चरण की क्रियान्विति का कार्य प्रारंभ नहीं हो जाता।

परियोजना के द्वितीय चरण का कार्य प्रारंभ करवाने के लिए विभिन्न संगठनों तथा सांसद भजन लाल जाटव एवं हरिश्चंद्र मीणा द्वारा लोकसभा में बजट के दौरान डीपीआर स्वीकृत की मांग उठाई थी लेकिन उसके पश्चात द्वितीय चरण के कार्य में रेलवे बोर्ड एवं महाप्रबंधक एनसीआर की प्रशासनिक शिथिलता के कारण अनावश्यक विलंब हो रहा है। दिनांक 16/06/2025 को वेणुगोपाल शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय से परियोजना संबंधी सूचना मांगने पर महाप्रबंधक एनसीआर द्वारा जवाब दिया गया कि परियोजना के द्वितीय चरण डीपीआर तैयार होने से पूर्व फाइनल लोकेशन सर्वे किया जाकर स्वीकृत हो चुका है, जबकि इसी परिप्रेक्ष में 26/12/25 को जितेंद्र कुमार मित्तल निवासी करौली को दिए जवाब में अंकित किया है कि द्वितीय चरण के एलाइनमेंट प्लान में जनप्रतिनिधि एवं राजस्थान शासन द्वारा बदलाव का प्रस्ताव दिया गया था, जिसके अनुसार एस्टीमेट परिवर्तन का कार्य किया जा रहा है इस तरह एक ही परियोजना के संबंध में दो अलग-अलग जबाब से अधिकारियों की मनमानी होना प्रतीत होता है द्वितीय चरण की सर्वे रिपोर्ट सैंक्शन होने के बाद तब्दीली करना किसी प्रकार से उचित नहीं है जनप्रतिनिधियों के दबाव में एलाइनमेंट परिवर्तन का प्रस्ताव स्वत ही निरस्त होने लायक है ऐसे तो हर सर्वे रिपोर्ट में आपत्ति आएंगी परियोजना की बिलंबता से बजट की लागत बढ़ने से रेलवे का आर्थिक नुकसान होता दिखाई दे रहा है क्षेत्र की जनता को परियोजना का लाभ नहीं मिलने की संपूर्ण जिम्मेदारी रेलवे बोर्ड एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की बनती है जो की पूर्ण रूपेण निंदनीय है।

आध्यात्म शिविर का भण्डारे के साथ समापन

गंगापुर सिटी, (निसं)। नरसिंह कॉलोनी स्थित योगाश्रम में आयोजित तीन दिवसीय आध्यात्मिक शिविर के तीसरे दिन योगाचार्य डा दासलाल महाराज ने योग पर प्रवचन देते हुए कहा कि योग जीवन मुक्ति का सीधा व सरल मार्ग है।

योग के द्वारा मनुष्य के हृदय के बंद चक्क्षु खुल जाते है और उसे ईश्वर की अनुभूति होने लगती है। नियमित ध्यान में बैठने ओर मंत्र का जाप करने से हृदय में प्रकाश एवं मुख पर तेज झलकने लगता है। वे स्वाभाव में निर्मलता एवं मन में पवित्रता का आभास हो जाता है। वहीं व्यक्ति अपने कार्यो को करते हुए ईश्वर की ओर बढता है और धीरे धीरे सदमार्ग पर चलते हुए परमात्मा से साक्षात्कार के लिए पहुंच जाता है। उन्होने कहा कि गृहस्थ जीवन को इस लिए श्रेष्ठ माना गया है कि मनुष्य अपनी पारिवारिक जिम्मेदारी उठाते हुए ईश्वर का चिंतन, मनन व ध्यान एवं योग करता है जिससे शरीर स्वस्थ्य रहने के साथ साथ मन मस्तिष्क और हृदय प्रसन्नचित्त रहते हैं।

RIICO GROW WITH RAJASTHAN
राजस्थान सरकार का उपक्रम
RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

औद्योगिक विकास के खुल रहे नये द्वार आप भी बनें भागीदार



सरल ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन

आधारभूत सुविधाओं युक्त औद्योगिक क्षेत्रों में करें उद्यम की स्थापना

61 कुल औद्योगिक क्षेत्र | 290 कुल भूखण्ड | 281 औद्योगिक भूखण्ड | 09 लॉजिस्टिक भूखण्ड

उपरोक्त औद्योगिक क्षेत्रों पर प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 लागू नहीं है

ईएमडी प्रारम्भ तिथि: 04 फरवरी, 2026 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 18 फरवरी, 2026 (सायं 06:00 बजे)

ऑनलाईन